

# किसानों को खाद वितरण कराने प्रशासन की टोकन व्यवस्था फेल

## खाद लेने किसानों की उमड़ी भीड़, अव्यवस्था देख जताई नाराजगी, पुलिस ने सम्भाला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 19 जनवरी, किसानो को खाद देने शुरू की गई टोकन व्यवस्था पूरी तरह से फेल होती नजर आ रही है. जिससे हंगामे की स्थित बन रही है तो वही किसानो को मांग अनुरूप खाद नही मिल पा रही है.**

इस समय पर क्षेत्र के किसानो को खेत में खाद देने की अवश्यकता आ पड़ी है. जिससे खाद प्राप्त करने पहुंच रहे है. छोटे बडे अधिया तिहारा वाले सभी किसान खाद लेने लाइन में लग चुके है. लेकिन किसानो को 1 बोरी खाद प्राप्त करने बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है. सहकारी समिति गुढ़ कार्यालय के सामने एक बोरी खाद का टोकन




प्राप्त करने किसानो के इस ठण्डी में भी पशीने छूट गए. किसानो का ऐसा रेला देखने को मिला कि कृषि विभाग के अंकित तिवारी एवं तहसील के पटवारी अंगद सिंह के टोकन काटने में छक्के छूट गए. हलांकि खाद प्राप्त करने स्थानीय प्रशासन ने टोकन देने की अच्छी सुबिधा बनाई थी लेकिन वह सुविधा भी किसानो के रेला के आगे फेल हो गई. बताया गया कि टोकन काटने व किसानो को टोकन सुविधा 10 बजे से 12 बजे तक मुहैया कराई गई है अब सोचनीय बात यह है कि एक काऊन्टर से हजारो किसानो को टोकन सुविधा कैसे प्राप्त हो सकती यह टाकीज की टिकट तो है नही उसमें भी तीन से चार काऊन्टर होते थे लेकिन खाद वितरण की टिकट में मात्र एक काऊन्टर से कैसे काम चलेगा मजे की बात तो यह रही कि एक टोकन में 5 बोरी खाद देने का प्रावधान किया गया था लेकिन आज सोमवार को गुढ़ तहसीलदार द्वारा 1 टोकन में दो बोरी खाद देने का विपडन संघ कर्मियों को आदेश दिया गया. जिससे किसानो में रोष उत्पन्न हो गया.

### मांग अनुरूप नहीं मिल रही खाद

वितरण केन्द्र में मौजूद किसान रामायण पाठक ने बताया कि पिछले कई दिनो से खाद के लिये चक्कर लगा रहा है. लेकिन अभी तक खाद नही मिली है और आज फिर से लाइन में लगे है. वही किसानो ने बताया कि एक तो बड़ी मुश्किल से खाद मिल रही है लेकिन जितनी जरूरत है उतनी नही मिल रही है. ऐसे में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. किसानो का कहना था कि प्रशासन द्वारा बनाई गई टोकन व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो रही है.

# लालगांव बाजार में बिना ड्राइवर के चल पड़ी बोलेरो, मची अफरा तफरी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, रीवा जिले लालगांव नये बस स्टैंड पर रविवार को उस वक्त अफरा तफरी और भगदड़ जैसे हालात निर्मित हो गए जब एक बोलेरो गाड़ी बिना ड्राइवर के ही चलने लगी, बिना ड्राईवर के चलती गाड़ी देखकर लोगों के बीच भगदड़ मच गई और चीख पुकार मच गई. यह नज़ारा देख हर कोई सन्न रह गया.**

उक्त बोलेरो गाड़ी ने एक मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मारी जिसके बाद उसके पहिए थम गये और जिससे गंभीर हादसा टल गया. वहीं लालगांव पुलिस चौकी से पहुंची पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को थाने ले गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है. ज्ञात हो कि बोलेरो का ड्राइवर गाड़ी को खड़ी करके चाभी साथ में लेकर सामान खरीदने चला गया था तभी यह हादसा हो गया. गनीमत रही कि इस घटना में किसी की जान को खतरा नहीं हुआ. क्यों कि घटना के दौरान बोलेरो में महिला और बच्चे भी बैठे थे. मौके पर मौजूद लोगो की माने तो जिस वक्त यह घटना हुई उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया था. लोग अपनी-अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे. गनीमत थी कि कोई सामने नही फसा.

### बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत

रीवा, 19 जनवरी, जिले के पनवार थाना अंतर्गत रामबाग के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई. बता दे की लाला कोल उर्फ अभिमन्यु कोल उम्र 22 वर्ष डाभौरा से रामबाग की तरफ बाइक से जा रहे थे. जैसे ही पटियारी और रामबाग के पास पहुंचे तो सड़क के किनारे खड़े ओमदेव विश्वकर्मा उम्र 55 वर्ष निवासी देवरी थाना पनवार को जोरदार टक्कर मार दिया. जिससे बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर गई वही बाइक सवार और वृद्ध दोनों बुरी तरह से घायल हो गए. मौके पर मौजूद लोगों ने पनवार पुलिस को सूचना दी पनवार से डायल 112 तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा ले गयी. जहां उपचार के दौरान ओमदेव विश्वकर्मा की मौत हो गई.

# आम रास्ता अवरुद्ध होने से बुजुर्ग मीसाबंदी की आत्मदाह की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 19 जनवरी, नगर परिषद गुढ़ वार्ड क्रमांक 13 निवासी 85 वर्षीय मिशाबंदी पारस नाथ पाण्डेय ने विपणन संघ द्वारा कराए जा रहे गोदाम निर्माण से आम रास्ता पूरी तरह बंद होने पर गहरी नाराजगी जताते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी है.**

उन्होंने इस संबंध में पुलिस थाना गुढ़ में लिखित शिकायत देते हुए कहा है कि उनके घर के सामने निर्माण कार्य के कारण न केवल उनका बल्कि आसपास के कई परिवारों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है, यहां तक कि पैदल निकलने का रास्ता भी नहीं बचा है. शिकायत में उल्लेख है कि प्रार्थी के पुत्र दीपक पाण्डेय द्वारा तहसील कार्यालय में रास्ता बहाल कराने और निर्माण कार्य पर रोक लगाने हेतु आवेदन दिया गया था, जिस पर तहसीलदार द्वारा पटवारी प्रतिवेदन आने तक स्थगन आदेश दिया गया तथा स्वयं स्थल निरीक्षण भी किया गया. निरीक्षण के दौरान 8 से 9 फीट रास्ता देने पर सहमति बनी, लेकिन जिला विपणन संघ की अधिकारी शिखा सिंह वर्मा की हठधर्मिता के चलते अब तक रास्ता नहीं दिया गया. पारस नाथ पाण्डेय का आरोप है कि वे लगातार तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन न तो कोई सुनवाई हो रही है और न ही रास्ता बहाल किया जा रहा है. पीड़ित ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह 22 जनवरी को सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय के सामने आत्मदाह करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला विपणन अधिकारी एवं राजस्व प्रशासन की होगी. अब देखना है कि आगे क्या होता है.

# चंदन तस्कर गिरोह ने काटे कई पेड़, सीसीटीवी में कैद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, रीवा के चोरहटा थाना क्षेत्र में चंदन चोर गिरोह सक्रिय है मात्र दो दिन के अंदर आरोपी कई चंदन के पेड़ काटकर ले गए. कुछ जगह तो आरोपी सीसीटीवी कैमरे में भी नजर आए हैं.**

स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी पेट्रोल और बैटरी से चलने वाली मशीन का उपयोग कर रहे हैं जो कुछ ही समय में पेड़ को धराशाई कर देते हैं. पीड़ित सरला शुक्ला ने बताया कि घटना दिवस वह 11 बजे रात तक बगीचे पर थी और सुबह जब उठी तो उनके घर का दरवाजा बाहर से बंद था. बाहर निकाल कर देखा तो चंदन का पेड़ गायब था सिर्फ अवशेष पड़े हुए थे घटना के संबंध में कुछ स्थानीय लोगों पर संदेह भी जताया गया है. इसी तरह की घटना अरुण कुमार मिश्रा के यहां 16 जनवरी की रात हुई जिसमें चंदन का पेड़ ले जाते आरोपी कैमरे में दिखे हैं. शनिवार की रात आरोपियों ने रामसुंदर शुक्ला के घर को निशाना बनाया और चंदन का पेड़ काट रहे थे तभी रामसुंदर को आहट मिल गई और आरोपी कटा पेड़ छोड़कर फरार हो गए. पुलिस मामले की जांच कर रही है.



प्रतियोगिता में विजेताओं को किया जा रहा पुरस्कृत

# किसान कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 जनवरी, मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष उमाकांत पटेल के आयोजकत्व में आज शनिधाम खटखरी से देउरा तक किसान पदयात्रा का आयोजन किया गया.**



इस किसान पदयात्रा में प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. किसान कांग्रेस धर्मेन्द्र सिंह चौहान मुख्य रूप से सम्मिलित हुए. उन्होने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानो के साथ अन्याय कर रही है. चुनाव के समय किसाने के लिये बड़े बड़े वादे किये लेकिन अब किसान दर-दर भटक रहे है. किसानो को समय पर खाद नही मिल रही है. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल आदिवासी, प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना तथा हनुमना जनपद अध्यक्ष गोविंद नारायण तिवारी, निपेंद्र सिंह, देवतालाब विधानसभा प्रभारी के पी सिंह, अमित सिंह सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# आनंद उत्सव कार्यक्रम में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं, छात्रों ने लिया भाग

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 19 जनवरी, माध्यमिक विद्यालय बेला-हर्दी में परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार बालक-बालिकाओं की छिपी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से किया गया. आयोजन, जिसमें विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम का आयोजन सरपंच रामकली कोल एवं सचिव रामगोपाल साकेत के मार्गदर्शन में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत हरदुआ सरपंच ज्ञानेंद्र तिवारी एवं हर्दी सरपंच पति तुलसीदास कोल ने की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 15 लालमन त्रिपाठी उपस्थित रहे. श्री त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि परंपरागत खेल विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम हैं और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी जनपद से लेकर जिला स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं. उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों का मनोबल भी बढ़ाया. कार्यक्रम के दौरान कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, ऊंची कूद, लंबी कूद, चम्मच दौड़ सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. साथ ही नृत्य और गायन जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया. लोकगीत प्रतियोगिता में छात्रा नम्रता चतुर्वेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया.

वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में सावन रावत की टीम विजेता रही. विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में नोडल अधिकारी प्रदीप पटेल, हरदुआ सचिव वीरेश अग्निहोत्री, जितेंद्र तिवारी मौजूद रहे.

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**मऊगंज, 19 जनवरी,** राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को किया जायेगा. प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया है. अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मऊगंज व देवतालाब को जिला स्तर पर मतदाता को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं.

# संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 3672 आवेदन पत्र दर्ज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है.**

जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है. अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 3672 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं. ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 399, विकासखण्ड रीवा में 192, विकासखण्ड सिरमौर में 1828, विकासखण्ड गंगेव में 170, विकासखण्ड त्योंथर में 157 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 20 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं.

शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 812, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 9, नगर परिषद चाकघाट में 37, नगर परिषद डभौरा में 23, नगर परिषद त्योंथर में 3, नगर परिषद गुढ़ में 21 तथा नगर परिषद सिरमौर में एक आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं. इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है.

### स्वास्थ्य शिविर में 350 से अधिक ग्रामीणों का हुआ परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जनवरी। एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से समय-समय पर अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में एनसीएल की खड़िया द्वारा नाऊ टोला एवं ब्लॉक-बी द्वारा ग्राम पड़री में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।**



शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा उपस्थित लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, मधुमेह, हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याओं की जाँच तथा महिला स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही आवश्यक दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर 350 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान परियोजनाओं से नोडल अधिकारी सीएसआर एवं अन्य मौजूद रहे।

### चिकित्सालय व क्लीनिक का वैध पंजीयन अनिवार्य

मऊगंज, 19 जनवरी, बिना वैध पंजीयन के संचालित होने वाली क्लीनिक व निजी चिकित्सालय के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने मऊगंज जिले के सभी क्लीनिक संचालकों, निजी चिकित्सालयों, परामर्श केन्द्र औषधालय, प्रयोगशाला एवं नर्सिंग होम के संचालकों को निर्देश दिये हैं कि आगामी 15 दिवस में वैध पंजीयन कराना सुनिश्चित करें. समय सीमा के अंदर पंजीयन न होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी.

# प्रतिभावान खिलाड़ियों का किया गया चयन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय खेलो एम.पी.यूथ गेम्स का आयोजन 17 जनवरी से किया जा रहा है.**




वीरेन्द्र गुप्ता जिला भाजपा अध्यक्ष, सतीष सिंह वार्ड नं. 09 पार्षद प्रतिनिधि एंव पूर्व पार्षद, खेल क्लब, खेल संघों के पदाधिकारियो एवं सैकडो खिलाड़ियों के उपस्थिति में खेलों एम.पी.यूथ गेम्स टार्च रैली स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से रवाना होकर चुंगी नाका से, सिरमौर चैराहा से सामान न्यू बस स्टैण्ड रतहरा रोड होते हुये मऊगंज के लिए रवाना किया गया, खेलों एम.पी. यूथ गेम्स में आज रीवा, रायपुर कर्चुलियॉन, सिरमौर, जवा, गंगेव एवं त्योथर विकासखण्डो एवं जिला मऊगंज, हनुमना, नईगढी के लगभग 200 बालक/बालिकाओ ने भाग लिये, जिसमें वेटलिफ्टिंग, बैडमिन्टन एवं योगासन खेलों के आयोजन का प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन संभाग, राज्य के लिए किया गया. निर्णायक, चयनकर्ता बैडमिन्टन में इनाकत अली, बेनी माधाव, वेटलिफ्टिंग शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमीश सिह, अमन सिह, योगासन-गीता प्रसाद पाण्डेय, त्रिनेत्र कुशवाहा, प्रदीप मिश्रा, अर्जुन यादव, राखी सिंह चौहान, अमर सिंह जाटव, श्रीमती रीतिका शर्मा, तोषराम कनौजे, श्रीमती वंदना सिह, ज्योति सिंह का सहयोग रहा.

### विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम आज नईगढ़ी में

मऊगंज, 19 जनवरी, शासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण हेतु सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत जिले के नईगढ़ी विकासखण्ड में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम 20 जनवरी को आयोजित किया गया है. दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गिरीश गौतम होंगे.

# सिंगरौली में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों को मिला वन्य जीवन का ज्ञान

## गजराबहरा बीट में स्कूली विद्यार्थियों को जंगल व संरक्षण का महत्व समझाया गया

नवभारत न्यूज

**सरई 19 जनवरी। जिले के सरई क्षेत्र अंतर्गत गजराबहरा बीट में शासकीय हाई स्कूल गजराबहरा एवं माध्यमिक विद्यालय ठरक ठैला के विद्यार्थियों के लिए अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को वन्य जीवन, जंगलों के महत्व एवं उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।**



कार्यक्रम में बच्चों को वन्य प्राणियों की भूमिका, जैव विविधता और जंगलों से जुड़े प्रत्यक्ष अनुभवों के माध्यम से जानकारी दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सरई योगेंद्र तिवारी ने वन्य जीवन संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं।

परिक्षेत्र सहायक सरई रवि राज सिंह एवं बीट गार्ड सूरज शर्मा ने बच्चों को स्थानीय वन्य प्राणियों, उनके व्यवहार और संरक्षण के उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में सरई मंडल अध्यक्ष रामधनी यादव ग्राम सरपंच एवं अन्य ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को वन्य जीवन के प्रति संवेदनशील बनाया गया। जंगलों के संरक्षण, वन्य प्राणियों की सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग पर चर्चा की गई। इस अनुभूति कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव यह रहेगा कि बच्चे वन्य जीवन और जंगलों के महत्व को समझेंगे तथा भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और वन्य प्राणी सुरक्षा के प्रति जागरूक नागरिक के रूप में योगदान देंगे।

# एनसीएल जयंत परियोजना में हुई अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता

### जयंत टीम रही विजेता

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जनवरी। एनसीएल की जयंत परियोजना में अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 19 मैच खेले गए।**




समापन समारोह के दौरान महाप्रबन्धक राजेश त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान अपने-अपने उद्बोधन में उन्होनें विजेता टीम को बधाई दी और उपस्थित सभी को मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए खेल-कूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कंपनी स्तरीय जेसीसी सदस्य, सीएमओआई प्रतिनिधि, परियोजना से जेसीसी सदस्य, विभागाध्यक्षगण, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मैच गत शुक्रवार को जयंत एवं ब्लॉक-बी तथा निगाही एवं सीडबल्यूएस के मध्य खेला गया, जिसमें जयंत एवं सीडबल्यूएस टीम फाइनल में पहुंची। प्रतियोगिता का फाइनल मैच जयंत एवं सीडबल्यूएस की टीमों के बीच खेला गया। इस दौरान जयंत टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सीडबल्यूएस टीम को हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। प्रतिस्पर्धा के दौरान तौसीफअहमद बेस्ट गोल कीपर, तुला राम मुरमू बेस्ट प्लेयर के रूप में चुने गए।